जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों में भूमि विवाद/भूमि अप्राप्ति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनाँक 24.07.2026 को सम्पन्न वर्चुअल समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः-

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
3. श्री अकांशु सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
4. श्री ललित मिश्रा, उपजिलाधिकारी खतौली, मुजफ्फरनगर।
5. श्री शुभम श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी, सदर, मुजफ्फरनगर।
6. श्री रश्मि लाम्बा, उपजिलाधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर।
7. श्री कृष्णकान्त विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी, बुढाना, मुजफ्फरनगर।
8. श्री संजय कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
9. श्री शमीम अहमद, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
10. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
11. श्री राधेश्याम गौड, तहसीलदार सदर, मुजफ्फरनगर।
12. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
13. श्री इमरान कुरैशी, आई0एस0ए0, कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
14. श्री संदीप धीमान, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
15. श्री अरूण अग्रवाल, सी0एम0डी0, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में **दिनाँक 24.07.2026** को उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, म्बन्धित फर्मो के साथ भूमि विवाद/भूमि अनुपलब्धता के सम्बन्ध में वर्चुअल समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जनपद मुजफ्फरनगर में भूमि विवाद/भूमि अनुपलब्धता का तहसीलवार विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र0सं0 | तहसील | अनुपलब्ध भूमि | भूमि विवाद | वन विभाग से सम्बन्धित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुजफ्फरनगर | 5 | 8 | 2 |
| 2 | खतौली | 0 | 4 | 0 |
| 3 | बुढाना | 0 | 1 | 0 |
| 4 | जानसठ | 1 | 2 | 17 |
| कुल | | 6 | 15 | 19 |

तहसील मुजफ्फरनगर-

**1- भूमि अनुपलब्धः- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील मुजफ्फरनगर में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि अनुपलब्धता के कारण कार्य बाधित है:-**

- **ग्राम पंचायत महाबलीपुर, विकास खण्ड-चरथावल** - भूमि प्राप्त, परन्तु पहुच मार्ग नही है। इसके अतिरिक्त ग्राम में कोई भूमि उपलब्ध नही है। तहसीलदार सदर को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रास्ता प्रदान कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत बेगमपुर, विकास खण्ड-चरथावल-** तहसीलदार द्वारा अवगत कराया गया है कि उपलब्ध शासकीय भूमि रेलवे लाइन के दूसरी ओर स्थित है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नहीं है।
- **ग्राम पंचायत सैदनंगला, विकास खण्ड-चरथावल :-** ग्राम में खसरा नं0 304 (तालाब की भूमि) उपलब्ध है।
- **ग्राम पंचायत दधेड़ू कलॉं, विकास खण्ड-चरथावल :-** तहसीलदार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में शत्रु सम्पत्ति की भूमि उपलब्ध है, जिस पर नियमानुसार भूमि प्राप्त करने की संभावना एवं अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत खोजानंगला, विकास खण्ड-पुरकाजी** - तहसीलदार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में टंकी निर्माण हेतु खसरा नं0 251 में भूमि उपलब्ध है। शीघ्र ही नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जमीन आवंटित की जाएगी।

2- भूमि विवादः- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील मुजफ्फरनगर में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है:-**

- **ग्राम पंचायत नंगला दुहेली, विकास खण्ड-पुरकाजी-** भूमि प्राप्त, परन्तु सिचाई विभाग/वन विभाग द्वारा आपत्ति की वजह से कार्य बन्द है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपजिलाधिकारी सदर को अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को अधिशासी अभियन्ता एवं सिचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत चरथावल देहात, विकास खण्ड-चरथावल-** चरथावल देहात में टयूबवैल का कार्य पूर्ण है, परन्तु उक्त भूमि शत्रु सम्पत्ति होने के कारण वर्तमान में कार्य बन्द है, जिस पर नियमानुसार भूमि प्राप्त करने की संभावना एवं अग्रेत्तर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत सादपुर विकास खण्ड-चरथावल-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम सादपुर में टयूबवैल, पम्प हाउस का कार्य पूर्ण है एवं अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है, परन्तु ग्रामवासियो द्वारा पाइप लाइन बिछाने पर विरोध किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत अकबरगढ/अरनाइच, विकास खण्ड-चरथावल-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अकबरगढ एवं ग्राम अरनाइच की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम अरनाइच में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु अकबरगढ के ग्रामवासियो

द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को ग्राम अकबरगढ के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

- **ग्राम पंचायत कासमपुर/खिन्दडिया, विकास खण्ड-पुरकाजी-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम कासमपुर एवं ग्राम खिन्दडिया में की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम खिन्दडिया में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु कासमपुर के ग्रामवासियो द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को ग्राम कासमपुर के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत हरेटी सलेमपुर, विकास खण्ड-पुरकाजी-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि योजना विद्युत आधारित है, ग्रामवासियो द्वारा विद्युत लाइन का विरोध किया जा रहा है, जिसके कारण ग्राम में पेयजलापूर्ति चालू नही हो पा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **ग्राम पंचायत शकरपुर, विकास खण्ड-पुरकाजी-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम शकरपुर एवं ग्राम मेघा की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गयी है। ग्राम शकरपुर में पेयजल योजना के कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति चालू कर दी गयी है। परन्तु मेघा के ग्रामवासियों द्वारा पृथक से उच्च जलाशय की मांग करते हुए वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य नहीं करने दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त ग्राम शकरपुर के मजरा चंदन में किसानों द्वारा वितरण प्रणाली बिछाने का विरोध किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **ग्राम पंचायत दतियाना, विकास खण्ड-सदर-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामवासियो द्वारा पाइप लाइन बिछाने का विरोध किया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशितं किया गया।

**तहसील बुढाना-**

**भूमि विवादः- जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील बुढाना में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित हैः-**

- **ग्राम पंचायत गढमलपुर/रामपुर अटेरना, विकास खण्ड-बुढाना-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम गढमलपुर एवं ग्राम रामपुर अटेरना में की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम गढमलपुर में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु रामपुर अटेरना के ग्रामवासियो द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी बुढाना को ग्राम रामपुर अटेरना के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

तहसील खतौली–

**भूमि विवादः– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील खतौली में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है:–**

- **ग्राम पंचायत अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा, विकास खण्ड–खतौली–** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम अब्दुल्लानगर उर्फ सोन्टा में ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो द्वारा कार्य नही करने दिया जा रहा है। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी खतौली को ग्रामीणो से वार्ता कर कार्य प्रारम्भ कराने हेतु निर्देशित किया गया है।
- **ग्राम पंचायत लोहड्डा, विकास खण्ड–खतौली–** प्रदान की गई भूमि पर ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण है। अवर जलाशय का कार्य हॉफ स्टेजिंग तक पूर्ण है। वर्तमान में इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी खतौली को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत चितौडा/सिकन्दरपुर खुर्द विकास खण्ड–खतौली–** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम चितौडा एवं ग्राम सिकन्दरपुर खुर्द में की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम चितौडा में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु सिकन्दरपुर खुर्द के ग्रामवासियो द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी खतौली को ग्राम सिकन्दरपुर खुर्द के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।
- **ग्राम पंचायत नोना/मोघपुर विकास खण्ड–खतौली–** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम नोना एवं ग्राम मोघपुर में की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम मोघपुर में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु नोना के ग्रामवासियो द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी खतौली को ग्राम नोना के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

तहसील जानसठ–

**1– भूमि अनुपलब्धः– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील जानसठ में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि अनुपलब्धता के कारण कार्य बाधित है:–**

- **ग्राम पंचायत रहमतपुर गडवाडा, विकास खण्ड–मोरना–** तहसीलदार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में कोई सरकारी भूमि उपलब्ध नही है। सभी भूमि वन्य जीव विहार श्रेणी में दर्ज है।

**2– भूमि विवादः– जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत तहसील जानसठ में ग्रामो का विवरण जिनकी स्वीकृति राज्य स्तर से प्राप्त हो चुकी है, परन्तु भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है:–**

- **ग्राम पंचायत ढांसरी, विकास खण्ड–जानसठ–** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदान की गई भूमि पर कोर्ट केस होने के कारण वर्तमान में कार्य बन्द है।

- **ग्राम पंचायत छछरौली/वजीराबाद, विकास खण्ड-मोरना-** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम छछरौली एवं ग्राम वजीराबाद में की सम्मिलित पाइप पेयजल योजना की डी0पी0आर0 विरचित की गई है, ग्राम छछरौली में पेयजल योजना हेतु उपलब्ध कराई गई भूमि पर निर्माण कार्य प्रगति पर है, परन्तु वजीराबाद के ग्रामवासियो द्वारा पृथक से अवर जलाशय की मॉग की जा रही है, जिसके सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी जानसठ को ग्राम वजीराबाद के ग्राम प्रधान एवं ग्रामवासियो से वार्ता कर निराकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**इसके अतिरिक्त राज्य वन्य जीव बारहसिंघा अभ्यारण्य (पूर्व नाम हस्तिनापुर वन्य जीव विहार) के अन्तर्गत कुल 19 नग पेयजल योजनाओ पर वन विभाग से अनुमति की आवश्यकता है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र0 सं0 | तहसील | विकासखण्ड | ग्राम का नाम | कार्य प्रारम्भ न होने का कारण/अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जानसठ | जानसठ | पुट्ठी इब्राहिमपुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 2 | जानसठ | जानसठ | कैलाशपुर जसमोर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 3 | जानसठ | जानसठ | निजामपुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 4 | जानसठ | जानसठ | कासमपुर खोला | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 5 | जानसठ | जानसठ | हंसावाला | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 6 | जानसठ | जानसठ | जीवनपुरी | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 7 | जानसठ | जानसठ | हुसैनपुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 8 | जानसठ | जानसठ | रहडवा | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 9 | जानसठ | मोरना | शुक्रतारी | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 10 | जानसठ | मोरना | मजलिसपुर तोफिर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 11 | जानसठ | मोरना | खरपोड | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 12 | जानसठ | मोरना | भुवापुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 13 | जानसठ | मोरना | कैडी दरियापुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 14 | जानसठ | जानसठ | सिखरेडा | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 15 | जानसठ | जानसठ | स्याली | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16 | जानसठ | जानसठ | जलालपुर नीला | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 17 | जानसठ | जानसठ | रामराज उर्फ समाना | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 18 | सदर | पुरकाजी | चमरावाला | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |
| 19 | सदर | पुरकाजी | खेडकी हुसैनपुर | वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रगति पर है। |

जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी को अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी विभाग, मुजफ्फरनगर के साथ वार्ता कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

(कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण)
**मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

पृ0सं0 4895 / 108 / 92 दिनॉकः- 04/08/2026

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव **आवश्यक कार्यवाही** हेतु **प्रेषितः-**

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
3. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. उपजिलाधिकारी खतौली, मुजफ्फरनगर।
6. उपजिलाधिकारी, सदर, मुजफ्फरनगर।
7. उपजिलाधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर।
8. उपजिलाधिकारी, बुढाना, मुजफ्फरनगर।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

**अधिशासी अभियन्ता**
**खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),**
**मुजफ्फरनगर।**